ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर, सोमवार 23 नवम्बर 2026

वर्ष 3 अंक 199

भोपाल-इंदौर में बुलडोजर से ढहाए 641 मकान, 20 साल पुराने आशियाने उजड़े, बेघर परिवारों का सवाल- बच्चों को लेकर कहां जाएं?



24 न्यूज अपडेट

भोपाल/ इंदौर। मध्यप्रदेश के भोपाल और इंदौर में सोमवार को प्रशासन ने बड़े पैमाने पर बुलडोजर कार्रवाई की। भोपाल के ऐशबाग स्थित 35 साल पुराने जनता क्वार्टर में नौ घंटे चली कार्रवाई में 600 में से 599 जर्जर मकान ढहा दिए गए। वहीं इंदौर की कृष्णबाग कॉलोनी में आठ घंटे तक बुलडोजर चले और 62 में से 42 मकान तोड़े गए। कार्रवाई के बाद दोनों शहरों में सैकड़ों परिवारों के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। भोपाल में सुबह 6 बजे शुरू हुई कार्रवाई दोपहर 3 बजे तक चली। नगर निगम ने मई 2016 में जनता क्वार्टर के करीब 600 मकानों को जर्जर और खतरनाक घोषित किया था। वर्ष 2018 में नोटिस जारी होने के बावजूद मकान खाली नहीं किए गए। हाउसिंग बोर्ड ने अंतिम नोटिस देकर 13 नवंबर तक सामान हटाने को कहा था। सोमवार को पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में पोकलेन मशीनों से मकान ढहा दिए गए। वैध आवंटियों को किराया देने की बात कही गई है, जबकि अवैध कब्जेदारों को मुआवजा नहीं मिलेगा। कार्रवाई के बाद रहवासियों ने रहने की व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई। रुख्सार ने कहा कि मकान तोड़ने से पहले घर देने का आश्वासन मिला था, लेकिन अब रहने की जगह नहीं है। बुजुर्ग बानो बी ने कहा कि उन्हें सरकार से कुछ नहीं चाहिए, केवल रहने के लिए घर मिल जाए। छोटे अरमान ने बताया कि परिवार को मकान टूटने के बाद रात फुटपाथ पर गुजारनी पड़ी। आशिक मियां ने कहा कि ऑटो चलाकर परिवार पालते हैं, ऐसे में 4-5 हजार रुपए किराया देना भी मुश्किल है। कार्रवाई के दौरान कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला को भी घर में नजरबंद कर बाद में थाने ले जाया गया। इंदौर की कृष्णबाग कॉलोनी में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक कार्रवाई हुई। यहां श्रीराम बिल्डर्स और रहवासियों के बीच जमीन को लेकर वर्ष 2003 से विवाद चल रहा है। सर्वे नंबर 66/ 2(क) की 0.720 हेक्टेयर जमीन का मामला अदालतों तक पहुंचा था। सोमवार को 600 कर्मचारियों और 12 पोकलेन मशीनों की मदद से 42 मकान तोड़े गए। शेष मकानों पर बाद में कार्रवाई होगी। रहवासी राजेश बैरागी ने कहा कि वे करीब 20 साल से यहां रह रहे थे और वर्ष 2000 से संपत्ति कर जमा कर रहे हैं। उनके पास रसीदें भी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पार्षद और विधायक से मदद मांगने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। राजेश के अनुसार, मुख्यमंत्री से मिलने गए लोगों को थाने में बैठा दिया गया। रहवासियों का कहना है कि कई परिवारों के पास रजिस्ट्री और अन्य दस्तावेज होने के बावजूद उन्हें बेघर होना पड़ा। इस बीच हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने 19 रहवासियों को अंतरिम राहत दी है। उन्हें फिलहाल बेदखल नहीं किया जा सकता। वहीं, विरोध के चलते कालका माता मंदिर को तोड़ने की कार्रवाई टाल दी गई। मंदिर के पुजारी ने इसे करीब पांच हजार लोगों की आस्था का केंद्र बताया।

16 दिन की लगातार गिरावट के बाद सोना चमका, 10 ग्राम पर 1,052 रुपए की तेजी; चांदी भी बढ़ी



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। लगातार 16 दिन तक गिरावट के बाद सोने-चांदी की कीमतों में रविवार, 23 नवंबर को तेजी आई। 24 कैरेट सोने का भाव 10 ग्राम पर 1,052 रुपए बढ़कर करीब 1.25 लाख रुपए पहुंच गया। इससे पहले 5 नवंबर को सोना 1.44 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था, जो लगातार गिरावट के बाद घटकर करीब 1.24 लाख रुपए रह गया था। वहीं, चांदी की कीमत में भी तेजी दर्ज की गई। एक किलो चांदी 97 रुपए महंगी होकर 1.53 लाख रुपए पर पहुंच गई। विशेषज्ञों के मुताबिक लगातार गिरावट के बाद अब सोने-चांदी में खरीदारी बढ़ने लगी है, लेकिन निवेशकों को एकमुश्त बड़ी खरीदारी से बचना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि चांदी खरीदने के लिए किश्तों की रणनीति अपनानी चाहिए। कुछ खरीदारी अभी करें और बाकी 15 से 20 दिन के अंतराल पर करें। निवेश के लिए एक-दो महीने के बजाय छह महीने से एक साल तक का नजरिया रखना बेहतर होगा। अलग-अलग शहरों में सोने की कीमतों में अंतर ट्रांसपोर्ट और सुरक्षा खर्च, स्थानीय मांग-सप्लाई, ज्वेलरी एसोसिएशन के तय रेट और ज्वेलर्स के पुराने स्टॉक की खरीद कीमत के कारण होता है।

सोना खरीदते समय रखें ध्यान

ज्वेलरी खरीदते समय BIS हॉलमार्क वाला प्रमाणित सोना ही लें। साथ ही सोने का वजन और उस दिन का भाव अलग-अलग विश्वसनीय स्रोतों से जांच लें। 24, 22 और 18 कैरेट सोने की कीमतें अलग-अलग होती हैं।

WhatsApp Web इस्तेमाल करने वालों को सरकार की चेतावनी, कंप्यूटर पर अकाउंट खुला छोड़ा तो लीक हो सकती हैं निजी चैट



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। कंप्यूटर या लैपटॉप पर WhatsApp Web इस्तेमाल करने वालों के लिए सरकार ने साइबर सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। गृह मंत्रालय के तहत इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) ने चेताया है कि कंप्यूटर पर वॉट्सऐप अकाउंट लॉगिन छोड़ना निजी जानकारी और गोपनीय डेटा की चोरी का कारण बन सकता है। एडवाइजरी के मुताबिक, कई लोग ऑफिस या दूसरे कंप्यूटर पर वॉट्सऐप इस्तेमाल करने के बाद केवल ब्राउजर बंद कर देते हैं, जबकि अकाउंट से लॉगआउट नहीं करते। ऐसे में उसी कंप्यूटर का इस्तेमाल करने वाला दूसरा व्यक्ति सक्रिय लॉगिन सेशन के जरिए उनकी निजी चैट, संपर्क और ग्रुप की बातचीत देख सकता है।

साइबर अपराधी अकाउंट पर नियंत्रण हासिल कर यूजर की पहचान से अधिकारियों, सहकर्मियों और परिचितों को फर्जी संदेश भेज सकते हैं। इसके जरिए पैसे मांगने, गलत निर्देश देने और फिशिंग लिंक भेजकर दूसरे लोगों को भी ठगी का शिकार बनाया जा सकता है।

सरकार ने लोगों को WhatsApp Web पर संवेदनशील सरकारी, कार्यालय और वित्तीय जानकारियां साझा करने से बचने की सलाह दी है। साथ ही हर बार इस्तेमाल के बाद अकाउंट को मैन्युअल रूप से लॉगआउट करने और साइबर कैफे, होटल या सार्वजनिक कंप्यूटर पर लॉगिन नहीं करने को कहा है। एडवाइजरी में ब्राउजर की Incognito या Private विंडो इस्तेमाल करने और कंप्यूटर का सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर अपडेट रखने की भी सलाह दी गई है। साइबर सुरक्षा के लिहाज से वॉट्सऐप के Linked Devices विकल्प की नियमित जांच करना भी जरूरी है, ताकि किसी अनजान डिवाइस पर अकाउंट सक्रिय होने की स्थिति में उसे तुरंत लॉगआउट किया जा सके।

संदेशखाली आंदोलन से चर्चा में आईं भाजपा विधायक रेखा पात्रा ने कीटनाशक खाया, हालत गंभीर



24 न्यूज अपडेट

पश्चिम बंगाल। संदेशखाली आंदोलन से चर्चा में आईं भाजपा विधायक रेखा पात्रा कीटनाशक खाने के बाद अस्पताल में भर्ती हैं। दो दिनों से कोलकाता के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। पीटीआई के मुताबिक, सोमवार सुबह उन्हें वेंटिलेटर से हटा दिया गया, लेकिन शरीर में जहरीले पदार्थ का असर अब भी बना हुआ है। उनकी हृदय गति सामान्य से अधिक है। पति संदीप पात्रा ने बताया कि रेखा की हालत ठीक नहीं है और फिलहाल कुछ कहना मुश्किल है। परिवार के अनुसार, रेखा ने शनिवार रात हिंगलगंज स्थित अपने घर पर हर्बल कीटनाशक खा लिया था। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल और फिर बशीरहाट सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर कोलकाता रेफर किया गया। डॉक्टरों ने जहरीले पदार्थ का असर कम करने के लिए दवाएं दीं और पेट से पदार्थ निकालने के लिए नाक के रास्ते ट्यूब डाली। डॉक्टर अगले चार दिन तक उनकी निगरानी करेंगे। भाजपा नेता अर्चना दास मजूमदार के मुताबिक, रेखा के मुंह में जमा लार फेफड़ों तक पहुंचने से ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रभावित हुई थी। एंटीबायोटिक्स से स्थिति नियंत्रित की गई है। उनकी किडनी पर असर नहीं पड़ा है और पोटैशियम का बढ़ा स्तर भी नियंत्रण में है।

हालांकि, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री शरद्वत मुखर्जी ने रेखा की तबीयत बिगड़ने की वजह फूड पॉइजनिंग बताई थी। उनका कहना था कि जहर की पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही होगी। CPI(M) नेता शतारूप घोष और तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने मामले की जांच की मांग की है।

जोधपुर में यूडी टैक्स बकाया पर निगम की कार्रवाई, पूर्व विधायक महेंद्र विश्नोई के शोरूम समेत तीन प्रतिष्ठान सील



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। नगर निगम ने बकाया नगरीय विकास (यूडी) टैक्स की वसूली के लिए सख्ती शुरू कर दी है। सोमवार को निगम की टीम ने पूर्व विधायक महेंद्र विश्नोई के बाइक शोरूम समेत शहर के तीन प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। पूर्व विधायक के शोरूम पर वर्ष 2007 से 18 लाख 82 हजार 352 रुपए यूडी टैक्स बकाया था। कार्रवाई के बाद बकाया राशि जमा करवा दी गई। नगर निगम उपायुक्त रणवीर देथा के अनुसार महिंद्रा हीरो शोरूम की संपत्ति अमरीदेवी के नाम पर दर्ज है, जो महेंद्र विश्नोई की दादी हैं। निगम की ओर से बकाया टैक्स जमा कराने के लिए तीन से चार बार नोटिस जारी किए गए थे। करीब एक सप्ताह पहले अंतिम नोटिस देने के बावजूद राशि जमा नहीं कराई गई। इसके बाद सोमवार सुबह टीम ने शोरूम सील कर दिया। कार्रवाई के बाद पूर्व विधायक महेंद्र विश्नोई ने इसे राजनीति से प्रेरित बताया। वहीं, निगम अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई बकाया टैक्स की वसूली के लिए नियमानुसार की गई है। इसके अलावा निगम ने सरदारपुरा स्थित एक ज्वेलरी शोरूम और झालामंड-पाली रोड स्थित एक एम्पोरियम पर भी कार्रवाई की। ज्वेलरी शोरूम पर 19.49 लाख रुपए यूडी टैक्स बकाया बताया गया है। निगम अब बकायादारों को वॉट्सऐप के जरिए भी नोटिस और टैक्स बिल भेज रहा है।

रामनगरी अयोध्या से जनकपुर धाम तक पहली ट्रेन रवाना, 19 घंटे में पूरा होगा सफर; पहले दिन 1158 यात्रियों ने किया सफर

24 न्यूज अपडेट

अयोध्या। भगवान राम की नगरी अयोध्या और माता सीता की जन्मस्थली जनकपुर धाम के बीच पहली सीधी ट्रेन सेवा सोमवार से शुरू हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने सरयू-कमला एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले दिन ट्रेन में 1158 यात्री सवार हुए। आम यात्रियों के लिए सेवा 28 नवंबर से शुरू होने की उम्मीद है। यह ट्रेन उत्तर प्रदेश और बिहार के 10 स्टेशनों पर ठहराव करेगी। अयोध्या से जनकपुर तक का सफर करीब 19 घंटे में पूरा होगा। वाल्मीकि रामायण के



अनुसार, राजा दशरथ को राम बारात लेकर मिथिला पहुंचने में चार दिन लगे थे। अब यही यात्रा रेल से एक दिन से भी कम समय में पूरी हो सकेगी।

नदियों के नाम पर रखा गया ट्रेन का नाम

अयोध्या में बहने वाली सरयू नदी और नेपाल-बिहार के मिथिला क्षेत्र की कमला नदी के नाम पर इस ट्रेन का नाम सरयू-कमला एक्सप्रेस रखा गया है। रवाना होने के बाद ट्रेन अपने पहले ठहराव मनकापुर जंक्शन पहुंची, जहां पांच मिनट रुककर आगे रवाना हुई। उधर, जनकपुर में ट्रेन के स्वागत की तैयारियां चल रही हैं। वहां स्टेशन पर सफाई और रंग-रोगन का काम किया जा रहा है।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com
wathsapp : 8852073787

संपादकीय : नतीजों का संदेश

राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव परिणामों ने प्रदेश की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है। इन नतीजों को केवल जिला परिषदों और पंचायत समितियाँ में प्रतिनिधियों के चयन तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता, बल्कि इनके माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं की राजनीतिक सोच, सरकार के कामकाज के प्रति उनकी अपेक्षाओं और विपक्ष की बदलती भूमिका के संकेत भी मिलते हैं। इन चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा के मुकाबले विपक्षी दल कांग्रेस ने उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है। ये परिणाम जहां भाजपा की मौजूदा सरकार को आत्ममंथन के लिए बाध्य करते हैं, वहीं कांग्रेस को शहरी क्षेत्रों में भी अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूत करने के लिए प्रेरित करते हैं। सवाल है कि राज्य के नगर निकाय चुनावों में शानदार प्रदर्शन करने वाली भाजपा आखिर पंचायती संस्थाओं में कैसे पिछड़ गई? क्या इसे ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा के घटते जनाधार के रूप में नहीं देखा जाएगा ! जाहिर है, भाजपा को अपनी सरकार की जनकल्याण योजनाओं और आम लोगों से जुड़ाव में कमियों की गहन समीक्षा करनी होगी। गौरतलब है कि राज्य के 37 जिलों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव नतीजों में कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भाजपा को काफी पीछे छोड़ दिया है। खबरों के मुताबिक, राज्य सरकार के 17 मंत्री और केंद्र सरकार के तीन मंत्री इन चुनावों में क्षेत्रीय स्तर पर अपनी राजनीतिक पकड़ दिखाने में नाकामयाब रहे। इन परिणामों का महत्त्वपूर्ण संदेश यह है कि मतदाता केवल सत्ता में होने के आधार पर किसी दल का समर्थन नहीं करते। विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता सौंपने के बाद पंचायती संस्थाओं के चुनावों में कांग्रेस को मिली बढ़त बताती है कि स्थानीय स्तर पर मतदाताओं की प्राथमिकताएं अलग हो सकती हैं। गांवों में सड़क, पेयजल, बिजली, सिंचाई, स्वस्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और सरकारी वेजनाओं का लाभ जैसे मुद्दे राजनीतिक पसंद को प्रभावित करते हैं। मतदाता अपने रोजमर्रा के अनुभवों के आधार पर जनप्रतिनिधियों और सरकार के कामकाज का मूल्यांकन करते हैं। ये नतीजे इससे ठीक पहले राज्य में हुए स्थानीय नगर निकाय चुनावों में भाजपा के शानदार प्रदर्शन के विपरीत हैं। साफ है कि किसी भी दल के सत्ता में आने के बाद केवल सरकारी योजनाओं की घोषणाओं और दावों के आधार पर जनता का भरोसा बनाए रख संभव नहीं है। इसके लिए जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत पड़ती है, ताकि सरकार की नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, सरकारी कार्यालयों में लोगों की सुनवाई नहीं हो रही या स्थानीय समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है, तो उसका असर चुनावी नतीजों में दिखना स्वाभाविक है। भाजपा नेतृत्व को यह समझना होगा कि आम लोगों की नाराजगी के कारणों की पहचान किए बिना केवल संगठनात्मक बैठकों और चुनावी नारों से ज्यादा दिनों तक मतदाताओं को नहीं रिझाया जा सकता। वहीं, कांग्रेस के लिए ये नतीजे निश्चित रूप से उत्साह बढ़ाने वाले हैं। मगर इस सफलता को राज्य में व्यापक जनसमर्थन में बदलना उसके लिए आसान नहीं होगा। राजनीतिक दलों को यह नहीं भूलना चाहिए कि पंचायती संस्थाएं जनतंत्र की बुनियादी एवं सबसे महत्त्वपूर्ण इकाई हैं। यहां होने वाला विकास ही लोकतंत्र को वास्तविक अर्थों में मजबूत बनाता है।

भ्रम का हासिल

सोशल मीडिया के असर में हो रहे कुछ नुकसानों को लेकर खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं लेकिन इसके बारे में देखने-जानने के बावजूद इस आभासी दुनिया के संजाल में कई लोग उलझ जाते हैं। वे इस पर प्रचारित कुछ संदेशों को सच मान लेते हैं, हालांकि इसके एवज में उन्हें गंभीर नुकसान उठाना पड़ता है। गौरतलब है कि केरलम के मलप्पुरम में एक किशोरी ने सोशल मीडिया के एक 'इन्फ्लूएंसर' के प्रचार से प्रभावित होकर गोरा बनाने वाली क्रीम खरीद कर इस्तेमाल करना शुरू किया, लेकिन कुछ समय बाद वह गुर्दे की गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो गई। दरअसल, समस्या शुरू होने के बाद जब किशोरी ने इलाज शुरू किया, तब पता चला कि उसके खून और शरीर में पारा की मात्रा खतरनाक स्तर तक बढ़ गई थी। उसके चिकित्सक ने बताया कि क्रीम की जांच में पारे की मात्रा 12.500 पीपीएम पाई गई, जबकि इसकी स्वीकार्य सीमा एक पीपीएम से कम है। चिकित्सकों के मुताबिक, विस्तृत जांच के निष्कर्षों से पता चला कि पारा युक्त क्रीम के उपयोग से किशोरी को गुर्दे की बीमारी हो गई। यह मामला आम लोगों के मानस पर सोशल मीडिया के प्रभावों का महज एक उदाहरण है कि आज कुछ लोग किस तरह नाहक ही किसी बात पर हीन भावना का शिकार हो जाते हैं। मसलन, गोरा होने को बेहतर मानने की रथ हमारे समाज में व्यापक स्तर पर पाई जाती रही है। इसी भूख का लाभ वैसी कंपनियां उठाती हैं, जो अपने मुनाफे के लिए लोगों की सेहत को भी दांव पर लगाने से बाज नहीं आती। केरलम की घटना में गोरा बनाने वाली क्रीम में जिस तरह एक खतरनाक रसायन मिला हुआ पाया गया, वह खुले बाजार में उपलब्ध कैसे था ? क्या इस तरह के उत्पादों की प्रयोगशाला जांच जैसी कोई व्यवस्था काम करती है, ताकि आम लोगों के इसके असर के बारे में आगाह किया जा सके ? सोशल मीडिया पर असर रखने वाला कोई व्यक्ति अगर किसी उत्पाद का सार्वजनिक बखान करता है, तो क्या उसे इससे होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी भी नहीं लेनी चाहिए ? आभासी दुनिया के सम्मोहन से मुक्त होकर अपने व्यक्तित्व की कद्र करने और भ्रम के प्रचार के असर में आने से बचने की जरूरत है, भले ही किसी भी क्षेत्र की कोई जानी-मानी हस्ती उसका इस्तेमाल करने की वकालत कर रहा हो।

राजस्थान में सर्दी ने पकड़ा जोर, माउंट आबू में ओस जमने लगी; सीकर में पारा 6 डिग्री



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान में उत्तरी हवाओं के असर से सर्दी का दौर तेज हो गया है। हिल स्टेशन माउंट आबू में रात का तापमान करीब 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज ठंड के चलते सुबह ओस की बूंदें जमने लगी हैं और कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। वहीं, शेखावाटी में भी रातें सर्द हो गई हैं। सीकर में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और फतेहपुर में 8.1 डिग्री दर्ज हुआ। नागौर में पारा 8.4 डिग्री रहा। उदयपुर में रात का तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

बीते 24 घंटे में प्रदेश के कई शहरों में दिन के तापमान में भी गिरावट आई। फलोदी, बीकानेर, गंगानगर, जैसलमेर, बाड़मेर और पाली में अधिकतम तापमान करीब 2 डिग्री तक लुढ़का। बाड़मेर को छोड़कर ज्यादातर शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री से नीचे रहा। जयपुर में न्यूनतम तापमान 14.6, अजमेर में 11.4 और कोटा में 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले एक सप्ताह प्रदेश में मौसम शुष्क और आसमान साफ रहने का अनुमान है। उत्तरी हवाओं के चलते रात के तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है। ऐसे में जयपुर, अजमेर, उदयपुर और कोटा संभाग सहित प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह-शाम ठिठुरन और बढ़ने की संभावना है।

भींडर में लेपर्ड का लगातार दूसरे दिन हमला, 2 रातों में 11 बकरियों को बनाया शिकार; पिंजरा लगाने के बाद भी पकड़ से दूर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भींडर क्षेत्र के वाणियातलाई गांव में लेपर्ड का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। लगातार दूसरी रात लेपर्ड ने बाड़े में घुसकर 5 बकरियों को मार डाला। इससे पहले शनिवार रात भी वह 6 बकरियों का शिकार कर चुका है। दो रातों में 11 बकरियों की मौत से पशुपालकों में दहशत फैल गई है। ताजा घटना रविवार रात रामसिंह पुत्र रघुनाथ सिंह के घर के पीछे बने बाड़े में हुई। सोमवार सुबह परिवार के लोग जागे तो बाड़े में बकरियां खून से लथपथ मृत मिलीं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना पर भींडर थाना पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंची तथा घटनास्थल का जायजा लिया। एक दिन पहले भी 6 बकरियों का किया था शिकार इससे पहले शनिवार रात लेपर्ड ने मोडा पुत्र अमरा रावत के बाड़े में घुसकर 6 बकरियों को मार दिया था। सुबह परिवार के लोग उठे तो बकरियां मृत मिलीं। एक बकरी की गर्दन गायब थी, जबकि अन्य के गले पर गहरे घाव थे। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने उसी दिन बाड़े के आसपास पिंजरा लगाया, लेकिन लेपर्ड अब तक उसमें नहीं फंसा है। ग्रामीणों को आशंका है कि दोनों घटनाओं को एक ही लेपर्ड ने अंजाम दिया है। लगातार हमलों से ग्रामीणों में डर है। उनका कहना है कि अब तक लेपर्ड पशुओं को निशाना बना रहा है, लेकिन कभी इंसानों पर भी हमला कर सकता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से दूसरे हमले के बाद भी तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने और लेपर्ड को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।

5 लाख नहीं देने पर समाज से बहिष्कार का आरोप, बहन-बेटियों से भी रिश्ता तोड़ने का फरमान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गोगुंदा के मजावड़ी गांव में प्रजापत समाज की पंचायत पर पांच लाख रुपए का दंड लगाने और परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने का आरोप लगा है। पीड़ित मीठालाल प्रजापत ने सोमवार को प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि पंचों ने रुपए नहीं देने पर समाज के साथ बहन-बेटियों और रिश्तेदारों को भी परिवार से संबंध नहीं रखने का फरमान सुनाया। मीठालाल के अनुसार, पारिवारिक संपत्ति विवाद सुलझाने के लिए 4 अक्टूबर को पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें उनका पक्ष सुने बिना फैसला कर दिया गया। वे अहमदाबाद में रहते हैं और बैठक की सूचना महज 20 घंटे पहले दी गई थी। परिवार ने न्यायालय में परिवाद पेश किया। कोर्ट के आदेश पर प्रजापत समाज चौखला गोगुंदा के अध्यक्ष हिरालाल पुत्र खीमा जी, घमालाल पुत्र अम्बालाल, प्रभुलाल पुत्र केशूलाल, रामलाल पुत्र स्व. नवलाजी, रूपलाल पुत्र स्व. नवलाजी और तुलसीराम पुत्र रामलालजी के खिलाफ गोगुंदा थाने में बीएनएस की धाराओं 308, 61(1), 111, 189(1) और 356 में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रूण्डेला तालाब में 15 डम्पर मलबा डालकर अतिक्रमण की कोशिश, यूडीए का बोर्ड भी तोड़ा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के रूण्डेला तालाब में मलबा डालकर जमीन पर कब्जे की कोशिश का मामला सामने आया है। तालाब क्षेत्र में करीब 10 से 15 डम्पर भराव सामग्री डाल दी गई। मौके पर लगा उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) का बोर्ड भी तोड़कर गिरा दिया गया। शिकायत मिलने पर स्थानीय लोगों और रूण्डेला तालाब संघर्ष समिति के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर डम्पर चालकों को भराव डालने से रोका। समिति अध्यक्ष मानसिंह सिसोदिया ने बताया कि वे मौके पर पहुंचे तो डम्परों से तालाब में भराव डाला जा रहा था। उन्होंने इसकी सूचना यूडीए अधिकारियों को देकर मलबा तत्काल हटाने और अतिक्रमण के प्रयास पर कार्रवाई की मांग की। इधर, नगर निगम वार्ड 42 की पार्षद डॉ. खुशी गमेती ने भी यूडीए कमिश्नर को पत्र लिखकर तालाब क्षेत्र में अवैध निर्माण और अतिक्रमण की शिकायत की है। उन्होंने तालाब की भूमि और पाल क्षेत्र का सीमांकन कराने, अवैध निर्माण रुकवाने तथा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण मिलने पर सख्त कार्रवाई कर निर्माण हटाने की मांग की है। साथ ही तालाब की पाल के संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर भी जोर दिया है।

सुंदरवास में चार माह के चातुर्मास का समापन, 221 सामूहिक सामायिक और 35 प्रभावना कार्यक्रम हुए

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सुंदरवास में महासती सूर्यकान्ता महाराज सा. के सानिध्य में आयोजित चार माह के चातुर्मास का धार्मिक आयोजनों और सेवा गतिविधियों के साथ समापन हुआ। महावीर स्वाध्याय मंडल, आदर्श महिला मंडल और महावीर नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में हुए आयोजनों में समाजजनों ने उत्साह से भाग लिया। चातुर्मास के दौरान कुल 221 सामूहिक सामायिक और 35 प्रभावना कार्यक्रम आयोजित किए गए।

हर रविवार स्वाध्याय, सामूहिक एकासन और धार्मिक गतिविधियां हुईं। आदर्श महिला मंडल ने बच्चों के लिए संस्कार एवं शिक्षण शिविर लगाया। इसके अलावा 12 घंटे का नवकार मंत्र जाप और अन्य धार्मिक आयोजन हुए। इस दौरान 'मैं स्थानक क्यों जाऊं' पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

महावीर स्वाध्याय मंडल के अध्यक्ष कस्तूरचंद जैन और महामंत्री हरिसिंह रांका का आयोजन में विशेष सहयोग रहा। आदर्श महिला मंडल की अध्यक्ष संध्या मेहता और सचिव निधि जैन ने महाराज साहब की सेवा, प्रवचन, गोचरी और धार्मिक गतिविधियों की व्यवस्थाएं संभालीं। कार्यक्रमों का मंच संचालन धनराज धींग ने किया।

समापन पर महावीर नवयुवक मंडल के अध्यक्ष संदीप जैन ने कार्यक्रम संयोजक विवेक मेहता, महावीर वया सहित सभी कार्यकर्ताओं, सहयोगकर्ताओं और भामाशाहों का आभार जताया। भोजन व्यवस्था में राजेंद्र चौरडिया और प्रवीण नाहर का सहयोग रहा। आयोजकों ने भविष्य में भी समाजहित के कार्यक्रम एकजुटता से जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

इस्कॉन मंदिर गंगूकुंड में कल होगा तुलसी-शालिग्राम विवाह, बैंड-बाजे और बग्गी के साथ निकलेगी भव्य बारात



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गंगूकुंड स्थित इस्कॉन मंदिर में 24 नवंबर मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री तुलसी महारानी और भगवान शालिग्राम का विवाह धूमधाम से विधि-विधान के साथ कराया जाएगा। विवाह समारोह के लिए बारात बैंड-बाजे और बग्गी के साथ निकाली जाएगी। मंदिर अध्यक्ष मायापुरवासी प्रभु ने बताया कि शाम 4 बजे प्रतापनगर रोड स्थित 29 पद्मिनी मार्ग पर रविकांत सुधीर पोद्दार के निवास से बारात की निकासी होगी। शाम 5 बजे धूलकोट हनुमान मंदिर से बारात रवाना होकर नाचते-गाते शाम 6 बजे इस्कॉन मंदिर पहुंचेगी। यहां गणेश पुष्पा अग्रवाल और मंदिर के ब्रह्मचारी वैष्णव भक्त तुलसी महारानी के परिवार की ओर से बारात का स्वागत करेंगे। दिल्ली से आए रोहिणी नंदन पुजारी विवाह की रस्में संपन्न कराएंगे। इसमें तोरण, वरमाला, पाणिग्रहण और विदाई की रस्में शामिल हैं। विवाह समारोह के साथ पिछले सात दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का भी समापन होगा। वृंदावन के रमाकांत प्रभु प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक कथा का वाचन कर रहे हैं। आयोजन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों और वृंदावन से भक्त शामिल होंगे। विवाह के बाद सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

कोटडा में किसान आंदोलन के प्रमुख चेहरे किशनलाल पारगी का निधन

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 23 नवंबर। माकपा के कोटड़ा तहसील सचिव किशनलाल पारगी का 15 नवंबर को बीमारी के चलते निधन हो गया। वे करीब 40 साल से माकपा और किसान सभा से जुड़े हुए थे। उन्होंने कोटड़ा क्षेत्र में किसानों की समस्याओं को लेकर कई आंदोलन किए और उनके हक की लड़ाई लड़ी। माकपा के कोटड़ा तहसील के पूर्व सचिव जगदीश पारगी ने बताया कि किशनलाल पारगी के निधन से क्षेत्र के किसान आंदोलन को बड़ी क्षति हुई है। उनके संघर्ष और योगदान को आमजन हमेशा याद रखेंगे। उनके विचारों और संघर्ष को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि किशनलाल पारगी की स्मृति में 29 नवंबर को कोटड़ा के मेड़ी गांव में शोकसभा आयोजित की जाएगी। इसमें माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य दुलीचंद मीना, राज्य कमेटी सदस्य विमल भगोरा, उदयपुर जिला सचिव राजेश सिंघवी सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे।



64 विला खरीद पर घिरे एसीएस शिखर अग्रवाल, हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली तो सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

24 न्यूज अपडेट

जयपुर। 64 विला खरीदने के मामले में एसीबी की जांच का सामना कर रहे एपीओ एसीएस शिखर अग्रवाल ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने याचिका दायर कर जांच पर रोक लगाने, गिरफ्तारी से राहत देने और किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं करने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन इसी सप्ताह सुनवाई होने की संभावना है।



अग्रवाल ने याचिका में खुद को गलत तरीके से फंसाए जाने का दावा किया है। इससे पहले 19 नवंबर को राजस्थान हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर राहत देने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा और अगली सुनवाई 18 दिसंबर तय की। अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले राजस्थान सरकार की कैविएट भी अहम होगी। सरकार पहले ही कैविएट दाखिल कर चुकी है, जिससे अदालत कोई आदेश देने से पहले उसका पक्ष सुनेगी। एसीबी ने 18 नवंबर को शिखर अग्रवाल, गोयल फैशंस प्राइवेट लिमिटेड (अनंता रिसॉर्ट्स) के निदेशक मुकुंद शरण गोयल, एमडी संजय गोयल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। जांच में अग्रवाल के परिवार की ओर से खरीदे गए विला-कॉटेज की संख्या 40 से बढ़कर 64 सामने आई। इनमें दोनों बेटों के नाम 15 अक्टूबर को खरीदे गए 24 विला भी शामिल हैं। आरोप है कि ये विला 11-11 लाख रुपए में खरीदे गए, जबकि कंपनी के ब्रोशर में इनकी कीमत 59-59 लाख रुपए बताई गई थी।

तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचला, दोनों की मौत; गांव में पसरा मातम



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। पारोली थाना क्षेत्र में रविवार रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसा रात करीब 11 बजे कोटड़ी रोड पर दांतड़ा और कोठाज के बीच हुआ। फलासेड़ निवासी कान्हा उर्फ कन्हैयालाल गुर्जर (20) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर घायल रामपाल गुर्जर (22) की भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी कमलेश कुमार मीणा के अनुसार, दोनों दोस्त बाइक से फलासेड़ से कोटड़ी जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कन्हैयालाल के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि रामपाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर उसे भीलवाड़ा रेफर किया गया, जहां देर रात करीब 2 बजे उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी नारायण गुर्जर ने पुलिस और एम्बुलेंस के मौके पर पहुंचने में करीब ढाई घंटे की देरी का आरोप लगाया। इसको लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। सोमवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। रामपाल मार्बल खान में काम करता था, जबकि कन्हैयालाल खेती करता था। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

सीआई के नाम पर 2 लाख की रिश्वत मांगने का आरोप, एसीबी पहुंची तो एएसआई-कांस्टेबल गायब



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। ऋषभदेव थाने में सीआई हेमंत अहारी के नाम पर 2 लाख रुपए रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि थाने के एएसआई रणजीत ने शराब ठेके के सेल्समैन से यह रकम मांगी थी। शिकायत मिलने पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम अलसुबह थाने पहुंची, लेकिन एसीबी की कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी एएसआई रणजीत और कांस्टेबल कैलाश मीणा थाने से गायब हो गए। मामले के अनुसार, कुछ लोगों को शराब तस्करी के आरोप में थाने लाया गया था। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उनके साथ मारपीट की और छोड़ने के बदले 2 लाख रुपए की मांग की। पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर कहा कि रकम की व्यवस्था करने पर उन्हें पाबंद कर छोड़ा जा सकता है। इसके बाद आरोपियों ने अपने एक मित्र को फोन कर रुपए की व्यवस्था करने को कहा। इसी दौरान मामला एसीबी तक पहुंच गया। बताया गया कि आरोपियों का एक साथी तय रकम से कम रुपए लेकर थाने पहुंचा। उसने अपने कपड़ों में ऑडियो रिकॉर्डर लगा रखा था, ताकि रिश्वत मांगने की बातचीत रिकॉर्ड की जा सके। आरोप है कि कम रकम लाने पर पुलिसकर्मियों ने नाराजगी जताई। इसी दौरान उन्हें युवक के कपड़ों में लगा रिकॉर्डर दिखाई दे गया। इसके बाद उसे भी थाने में बैठा लिया गया। रिकॉर्डर मिलने से एएसआई और कांस्टेबल को एसीबी की कार्रवाई की आशंका हो गई और वे टीम के पहुंचने से पहले ही थाने से चले गए। एसीबी स्पेशल यूनिट के एएसपी राजीव जोशी के निर्देशन में टीम मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिसकर्मियों से पूछताछ की जा रही है। ऋषभदेव डीएसपी अर्जुन सिंह राठौड़ को भी मौके पर बुलाया गया। एएसपी राजीव जोशी के अनुसार मामले की रिपोर्ट तैयार कर एसीबी मुख्यालय भेजी जा रही है। वहां से नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दो साल से फरार डोडा-पोस्त सप्लायर टोंक से गिरफ्तार, चित्तौड़गढ़ के बड़े तस्करों से जुड़े थे तार

24 न्यूज अपडेट

सीकर। कोतवाली थाना पुलिस ने डोडा-पोस्त तस्करी के मामले में करीब दो साल से फरार चल रहे सप्लायर कैलाश धाकड़ (43) को टोंक से गिरफ्तार किया है। आरोपी चित्तौड़गढ़ जिले का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, वह बड़े सप्लायरों से मादक पदार्थ खरीदकर दूसरे तस्करों तक पहुंचाता था। थानाधिकारी सुनील कुमार जांगिड़ ने बताया कि 23 सितंबर 2024 की रात करीब 12:50 बजे पुलिस ने रविंद्र जोगी निवासी बागपत और हर्ष कश्यप निवासी हरियाणा को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से करीब 28 किलो डोडा-पोस्त बरामद हुआ था। एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने चित्तौड़गढ़ जिले में कैलाश धाकड़ से डोडा-पोस्त की खेप खरीदी थी। पुलिस ने उसकी तलाश में कई बार दबिश दी, लेकिन वह हाथ नहीं आया। अब उसे टोंक से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, कैलाश चित्तौड़गढ़ के बड़े सप्लायरों से माल लेकर तस्करों को देता था, जो आगे छोटे शहरों और गांवों में इसकी बिक्री करते थे। पुलिस अब इस नेटवर्क के बड़े सप्लायरों की तलाश में जुटी है।

शराब तस्करी पर पुलिस की कार्रवाई, अलग-अलग थानों में कई आरोपी गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले में अवैध शराब के परिवहन और बिक्री के खिलाफ पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कई लोगों को पकड़ा। विभिन्न थानों में आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए। पुलिस के अनुसार सूरजपोल थाना क्षेत्र में देवेन्द्र वर्मा के कब्जे से 32 पव्वे घुमर देसी शराब बरामद की गई। खेरवाड़ा में कुरिचंद के पास से देशी हथकड़ शराब बरामद हुई। बेकरिया में केसाराम के कब्जे से अवैध हथकड़ शराब मिली। कल्याणपुर के महुवाड़ा में कालुराम, बड़गांव के टाइगर हिल्स क्षेत्र में नानालाल गमेती के पास से 5 लीटर महुए की हथकड़ शराब बरामद की गई। कुराबड़ के खारवा फला में डालू मीणा, गोवर्धनविलास के बारापाल और खरपीणा क्षेत्र में केशूलाल मीणा तथा मंगला मीणा, वल्लभनगर क्षेत्र में एक आरोपी, नाई थाना क्षेत्र में अवैध शराब के 52 पव्वे, फतहनगर में एक आरोपी और पाटिया क्षेत्र में भी अवैध शराब रखने व परिवहन के मामले दर्ज किए गए। गोगुंदा थाना क्षेत्र के मोड़ी, मालीफला और भूताला में भी पांच-पांच लीटर हथकड़ महुआ शराब जब्त की गई। डबोक थाना क्षेत्र में भी अलग-अलग स्थानों पर हथकड़ शराब रखने और परिवहन के मामले दर्ज हुए। पुलिस ने सभी मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

'गांजा मुक्त भोमट' अभियान में माण्डवा पुलिस की दबिश, खेत से 56 किलो गांजे के हरे पौधे जब्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भोमट क्षेत्र को नशे की अवैध खेती से मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत माण्डवा थाना पुलिस ने जंगल में दबिश देकर गांजे की खेती पकड़ी। पुलिस ने भियाटा गांव के जंगलों में स्थित एक खेत से 56 किलो गांजे के हरे पौधे उखाड़कर जब्त किए हैं। मामले में खेत मालिक उदा पुत्र भिखा बुम्बडिया निवासी भियाटा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ 'त्रिनेत्र अभियान' चलाया जा रहा है। इसी के तहत एसपी डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में 'गांजा मुक्त भोमट' अभियान संचालित है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा और कोटड़ा डीएसपी डूंगरसिंह चुंडावत के सुपरविजन में माण्डवा थानाधिकारी युगलाराम के नेतृत्व में टीम ने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में कार्रवाई की। पुलिस ने खेत से गांजे के हरे पौधे उखाड़कर जब्त किए। इस संबंध में माण्डवा थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/ 20 के तहत प्रकरण संख्या 108/ 2026 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया है। कार्रवाई में एएसआई सोहनलाल, मंगेजाराम, कांस्टेबल लीलाराम, नारायण, सुरेंद्र, तख्तसिंह, दिनेश, निलेश, माधुसिंह और सोहन शामिल थे।

पर्यटकों को कमीशन के लालच में परेशान करने के तीन मामले दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पर्यटकों को कमीशन के लालच में रोककर परेशान करने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने राजस्थान पर्यटन व्यवसाय अधिनियम के तहत तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। धानमंडी थाना क्षेत्र में हेमराज अखाड़ा पार्किंग और दिल्ली गेट के पास पर्यटकों को परेशान करने के मामले दर्ज हुए। आरोप है कि कमीशन के लालच में पर्यटकों को रोका गया। वहीं सुखेर थाना क्षेत्र के भुवाणा सर्किल पर गुजरात नंबर की कार में बैठे पर्यटकों को रोककर परेशान करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने संबंधित आरोपियों के खिलाफ राजस्थान पर्यटन व्यवसाय अधिनियम की धारा 13(1)(2) के तहत कार्रवाई की है।

करौली गांव में आग का तांडव, चार किसानों की सालभर की मेहनत जलकर राख!

24 न्यूज अपडेट

करौली गांव में अचानक लगी आग ने चार किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खलिहान में रखे मक्की के भुट्टे, पराली और पशुओं के लिए जमा किया गया सूखा चारा देखते ही देखते आग की भेंट चढ़ गया। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार उठता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पानी और मिट्टी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सूखी पराली और चारे ने आग को और भड़का दिया। सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग आसपास के खेतों और मकानों तक नहीं फैली और कोई जनहानि नहीं हुई। इस हादसे में शंकर, डूंगर, हक्सी और खेमा नाम के चार किसानों को भारी नुकसान हुआ है। अब पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है।

नयागांव में युवक से मारपीट, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

उदयपुर। नयागांव में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने श्यामपुरी गोस्वामी सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार रामसिंह झाला निवासी नयागांव ने रिपोर्ट दी कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। झाड़ोल थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 126(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 22 नवंबर दोपहर 1:25 बजे की बताई गई है।

बस की टक्कर से यात्री घायल, चालक पर लापरवाही का आरोप

उदयपुर। सेमड़ क्षेत्र में बस चालक की कथित लापरवाही से हुए हादसे में बस में सवार लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार ओगणा थाना क्षेत्र के मुंडावली निवासी लालसिंह ने रिपोर्ट दी कि चालक ने बस लापरवाही से चलाई, जिससे दुर्घटना हो गई और उसमें बैठे लोगों को चोटें आईं। सायरा थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 281 और 125(ए) के तहत मामला दर्ज किया है। हादसा 9 नवंबर शाम 4 बजे का बताया गया है।

बलीचा चौराहे पर युवक से मारपीट, कई लोगों पर आरोप

उदयपुर। बलीचा चौराहे पर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सराड़ा क्षेत्र के निंबोदा निवासी शंकरलाल मीणा ने रिपोर्ट में बताया कि सोमराम मीणा निवासी बलुवा सहित 6-7 लोगों ने उसके साथ मारपीट कर चोटें पहुंचाईं। प्रतापनगर थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 126(2), 115(2), 189(2) और 127(2) के तहत मामला दर्ज किया है। घटना 22 नवंबर सुबह 6:20 बजे की है।

प्रतापनगर में घर के पीछे से रॉयल एनफील्ड चोरी

उदयपुर। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में चोर एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल चुरा ले गए। पुलिस के अनुसार छैलसिंह चारण (36) निवासी सरकारी अस्पताल के पीछे, प्रतापनगर ने रिपोर्ट दी कि उनकी मोटरसाइकिल आरजे 27 एआर 0299 अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोटरसाइकिल चोरी की घटना 19 नवंबर की बताई गई है।

फतहनगर रेलवे स्टेशन से मारुति स्विफ्ट कार चोरी

उदयपुर। रेलवे स्टेशन क्षेत्र से अज्ञात बदमाश मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार चुरा ले गए। पुलिस के अनुसार फतेहपुरा, मावली निवासी माधुदास वैरागी ने कार चोरी की रिपोर्ट दी है। घटना 24 अक्टूबर शाम 6 बजे की बताई गई है। फतहनगर थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाइक की टक्कर से बुजुर्ग का पैर टूटा, चालक के खिलाफ मामला

फतहनगर। रेलवे स्टेशन से सनवाड़ चौराहे के बीच तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बूंदी जिले के सावनपुरा निवासी गुरुदास सिंह (20) ने रिपोर्ट दी कि बाइक आरजे 30 एसडब्ल्यू 9440 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके पिता को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में उनके पिता का दाहिना पैर घुटने के नीचे से टूट गया। घटना 17 नवंबर सुबह 11 बजे की है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 281 और 125(ए) के तहत मामला दर्ज किया है।

साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 1 लाख 280 रुपए

उदयपुर। साइबर ठगों ने अम्बामाता थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति के बैंक खाते से 1 लाख 280 रुपए ट्रांसफर कर लिए। पुलिस के अनुसार न्यू रामपुरा कॉलोनी निवासी दिव्यप्रकाश प्रजापत (39) ने रिपोर्ट दी कि अज्ञात व्यक्ति ने उनके साथ साइबर धोखाधड़ी कर खाते से यह राशि निकाल ली। अम्बामाता थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4) और 316(2) के तहत मामला दर्ज किया है। वारदात 20 नवंबर की बताई गई है।

घर से बिना बताए निकली बुजुर्ग महिला, तलाश में जुटी पुलिस

उदयपुर। अम्बामाता थाना क्षेत्र की 80 फीट रोड स्थित कालबेलिया कॉलोनी के पास से एक महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार महिला घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 140(3) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस महिला की तलाश में जुटी है।

बड़गांव में पत्नी बिना बताए घर से लापता, मामला दर्ज

उदयपुर। बड़गांव थाना क्षेत्र के डांगियों की हुंदर इलाके में एक महिला के घर से बिना बताए चले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार महिला के पति ने रिपोर्ट दी कि उसकी पत्नी 21 नवंबर को दोपहर 3 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। पुलिस ने बीएनएस की धारा 127(2) के तहत मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

कनबई में युवक से मारपीट, चार नामजद

उदयपुर। पाटिया थाना क्षेत्र के कनबई गांव में युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार साकरचंद गमेती (32) निवासी कनबई ने रिपोर्ट दी कि अनिल गमेती, नाथू गमेती, रमेश गमेती और निलेश गमेती ने उसके साथ मारपीट की। घटना 13 नवंबर की बताई गई है। पाटिया थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126(2), 115(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

90 साल पुराने SMS अस्पताल का होगा कायाकल्प, 30 साल की जरूरतों के लिए बनेंगे 10 से 14 मंजिला तीन नए टावर

24 न्यूज अपडेट

जयपुर। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएमएस में इलाज की व्यवस्था बदलने की तैयारी है। हर साल 30 से 32 लाख ओपीडी मरीजों और करीब पौने दो लाख भर्ती मरीजों का दबाव झेल रहे अस्पताल का अगले 30 साल की जरूरतों के हिसाब से री-डेवलपमेंट होगा। इसके तहत मौजूदा मुख्य भवन, बांगड़ अस्पताल और नॉर्थ-साउथ विंग की जगह 10 से 14 मंजिल के तीन नए टावर बनाए जाएंगे। निर्माण तीन चरणों में होगा और तीनों ब्लॉक आपस में जुड़े रहेंगे। मास्टर प्लान तैयार करने के लिए देश की नामी हॉस्पिटल डिजाइनिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर कंसल्टेंसी फर्म को सर्वे का जिम्मा दिया गया है। राज्य सरकार की नोडल एजेंसी पीडीकोर के साथ मिलकर फर्म अस्पताल की मौजूदा क्षमता, कमियों और भविष्य की जरूरतों का आकलन कर रही है। प्रस्तावित योजना में तीनों चरणों में कुल करीब 32 लाख 86 हजार वर्गफुट निर्माण क्षेत्र विकसित किया जाएगा।

एक ही परिसर में मिलेंगी जांच और इलाज की सुविधाएं

अभी अस्पताल के 25 विभाग अलग-अलग भवनों में संचालित हैं। मरीजों को ओपीडी, जांच और भर्ती के लिए एक बिल्डिंग से दूसरी बिल्डिंग तक



जाना पड़ता है। नए टावरों में विभागों को एकीकृत करने की योजना है। इसके अलावा सेंट्रलाइज्ड किचन और लॉन्ड्री, एम्बुलेंस व फायर सेफ्टी के लिए अलग रास्ते, मरीजों और स्टाफ की आवाजाही की बेहतर व्यवस्था तथा सोलर पावर सिस्टम भी प्रस्तावित है। पार्किंग क्षमता को मौजूदा 1500 वाहनों से दोगुना करने की योजना है। मेडिकल विद्यार्थियों के लिए रिसर्च और फैकल्टी के लिए भी जगह रखी जाएगी।

निर्माण के दौरान IPD टावर में शिफ्ट होंगे मरीज

री-डेवलपमेंट के दौरान इलाज प्रभावित न हो, इसके लिए मौजूदा सुविधाओं को चरणबद्ध तरीके से शिफ्ट किया जाएगा। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी के अनुसार, 24 मंजिला आईपीडी टावर लगभग तैयार है। अस्पताल का पुनर्विकास शुरू होने पर मरीजों की भर्ती और अन्य सुविधाएं इस टावर में शिफ्ट की जाएंगी।

1936 में हुई थी शुरुआत

एसएमएस अस्पताल की शुरुआत 1936 में हुई थी। उस समय मरीजों की संख्या आज के मुकाबले काफी कम थी। समय के साथ भवनों का विस्तार हुआ, लेकिन सुविधाएं अलग-अलग हिस्सों में बंटती गईं। वर्तमान में यहां हर साल 30 से 32 लाख मरीज ओपीडी में आते हैं, करीब पौने दो लाख भर्ती होते हैं और 1.5 लाख से अधिक मरीजों की सर्जरी की जाती है। पुराने भवनों के रखरखाव पर ही सालाना 10 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हो रहे हैं। ऐसे में अस्पताल का पुनर्विकास भविष्य की बढ़ती मरीज संख्या और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की जरूरत को देखते हुए प्रस्तावित है।

उद्योगपति रविन्द्र सिंह की कंपनी पर आयकर की कार्रवाई पांचवें दिन भी जारी, डेढ़ करोड़ नकद और 5 करोड़ के आभूषण मिले



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उद्योगपति रविन्द्र सिंह की कंपनी इंडियन फॉस्फेट लिमिटेड सहित 12 ठिकानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई पांचवें दिन भी जारी रही। सूत्रों के अनुसार अब तक की छापेमारी में करीब डेढ़ करोड़ रुपए नकद और 5 करोड़ रुपए से अधिक कीमत के आभूषण मिले हैं। इसके अलावा करोड़ों रुपए की संपत्तियों में निवेश से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं। आयकर विभाग की टीम ने 19 नवंबर को सेक्टर-11 स्थित कंपनी के कार्यालय पर दबिश दी थी। इसके बाद से विभिन्न ठिकानों पर दस्तावेजों और कारोबारी रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक कार्रवाई में करोड़ों रुपए की अघोषित संपत्ति सामने आने की संभावना है। अधिकारी रिकॉर्ड में दर्ज आय और वास्तविक कारोबारी गतिविधियों का मिलान कर रहे हैं। जांच के दौरान कुछ ऐसे दस्तावेज भी मिले हैं, जिनका संबंध हवाला कारोबार से होने की आशंका है। इस संबंध में अधिकारी कई लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रहे हैं। आयकर विभाग की जांच पूरी होने के बाद ही अघोषित संपत्ति और अन्य अनियमितताओं की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

एआई पर मंथन के लिए 14 को जुटेंगे देश-विदेश के विशेषज्ञ



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। झीलों, पर्यटन और मार्बल उद्योग के लिए पहचान रखने वाला उदयपुर अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में भी अपनी जगह बनाने की तैयारी में है। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ में 14 दिसंबर को इंटरनेशनल एआई-एचआरओआई बिजनेस समिट आयोजित होगी। इसमें देश-विदेश के विशेषज्ञों के साथ व्यापारी, उद्योगपति, शिक्षाविद् और युवा एआई के व्यावसायिक उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर मंथन करेंगे। विश्वविद्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलपति प्रो. (डॉ.) मंजू मेहता ने समिट की घोषणा की। कार्यक्रम सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगा। बीसीआईआई के संस्थापक एवं चेयरमैन मुकेश माधवानी ने बताया कि समिट की थीम 'एआई बिजनेस पीपल परफॉर्मेंस' रखी गई है। इसमें एआई के माध्यम से कारोबार की उत्पादकता बढ़ाने और कर्मचारियों की कार्यक्षमता बेहतर बनाने पर चर्चा होगी। समिट में मैन्युफैक्चरिंग, एक्सपोर्ट, ट्रेडिंग, होटल एवं पर्यटन, बैंकिंग, फाइनेंस, अकाउंटिंग, रिटेल, मार्केटिंग, विज्ञापन और मानव संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में एआई के व्यावहारिक इस्तेमाल पर विशेषज्ञ विचार रखेंगे। ग्लोबल एमडी आरिफ शेख ने बताया कि यह आयोजन केवल तकनीकी विशेषज्ञों तक सीमित नहीं रहेगा। इसमें व्यापारी, उद्योगपति, डॉक्टर, शिक्षक, एचआर मैनेजर, विद्यार्थी और रोजगार की तलाश कर रहे युवा भी शामिल हो सकेंगे। उन्हें एआई से बदलती कार्यशैली, रोजगार के नए अवसरों और भविष्य की कारोबारी चुनौतियों की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएल गुर्जर, कुलपति प्रो. मंजू मेहता, एफएमएस समन्वयक डॉ. हिना खान, मुकेश माधवानी, आरिफ शेख और बीसीआईआई की मुख्य सलाहकार अलका के साथ देवेंद्र सिंह मौजूद रहे। आयोजकों का उद्देश्य उदयपुर को वैश्विक तकनीकी और कारोबारी विमर्श के नए केंद्र के रूप में विकसित करना है।

अजमेर के प्रॉपर्टी कारोबारी को रोहित गोदारा के नाम से धमकी, ऑडियो में कहा- बाहर पढ़ रहे बच्चों को मारने का तरीका पता है

24 न्यूज अपडेट

अजमेर। प्रॉपर्टी व्यवसायी विभोर नुवाल को गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम से विदेशी नंबर से धमकी मिलने का मामला सामने आया है। व्यवसायी का आरोप है कि व्हाट्सएप पर भेजे गए दो ऑडियो मैसेज में 12 करोड़ रुपए के लेनदेन का विवाद खत्म करने और संजय मीणा के खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस लेने की धमकी दी गई। साथ ही बाहर पढ़ रहे उनके बच्चों को नुकसान पहुंचाने की बात भी कही गई। पीड़ित ने कृष्णगंज थाने में शिकायत देकर परिवार की सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विभोर के अनुसार, 19 नवंबर की रात करीब 10:40 बजे उनके मोबाइल पर विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई, जिसे उन्होंने रिसीव नहीं किया। इसके बाद उसी नंबर से दो ऑडियो मैसेज आए। कॉल करने वाले ने खुद को रोहित गोदारा बताते हुए अर्पित जैन को अपना भाई बताया। ऑडियो में कथित तौर पर कहा गया कि 12 करोड़ रुपए की मांग छोड़ दें, वरना उन्हें कई गुना रकम चुकानी पड़ेगी। दूसरे मैसेज में संजय मीणा के खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस नहीं लेने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। व्यवसायी ने बताया कि अर्पित जैन, संजय मीणा, राजू कुमावत, लक्ष्मण सोनी, अनिल गगवाल सहित अन्य लोगों के साथ उनका लेनदेन को लेकर विवाद है। आरोप है कि समझौते के बावजूद न तो नकद राशि दी गई और न ही 12 बीघा जमीन उनके नाम की गई। इस संबंध में 5 नवंबर को सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी, जिसकी जांच अजमेर उत्तर वृत्ताधिकारी कर रहे हैं। विभोर ने यह भी आरोप लगाया कि 18 अक्टूबर को अर्पित जैन के ड्राइवर दीपक बीदावत ने उनके खिलाफ कृष्णगंज थाने में मामला दर्ज कराया था। अब धमकी भरे ऑडियो के बाद उन्होंने खुद और परिवार, विशेषकर बाहर पढ़ रहे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

जिला रोलबॉल प्रतियोगिता में बीएसआर का दबदबा, सीनियर बालक-बालिका दोनों वर्गों में जीता खिताब



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शोभागपुरा स्थित ड्यूमनी स्पोर्ट्स एकेडमी में रविवार को जिला रोलबॉल संघ की ओर से आयोजित जिला स्तरीय सब जूनियर एवं सीनियर प्रतियोगिता संपन्न हुई। चार वर्गों में हुए मुकाबलों में बीएसआर ने सीनियर बालक और बालिका दोनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल किया। सब जूनियर बालक वर्ग में ड्यूमनी, जबकि बालिका वर्ग में रेयान विजेता रही। परिणामों के अनुसार सब जूनियर बालक वर्ग में ड्यूमनी प्रथम, एमवीएम द्वितीय और एसएमए तृतीय रही। बालिका वर्ग में रेयान प्रथम, बीएसआर द्वितीय और ड्यूमनी तृतीय स्थान पर रही। सीनियर बालक वर्ग में बीएसआर प्रथम, विजडम द्वितीय और एसएमए तृतीय रही। सीनियर बालिका वर्ग में बीएसआर प्रथम, रेयान द्वितीय और एसएमए तृतीय रही। संघ सचिव घनश्याम सिंह राजपुरोहित ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-14 और सीनियर बालक-बालिका वर्ग की टीमों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि संघ की वाइस चेयरमैन वर्षा आसवानी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार दिए। आयोजन अध्यक्ष डॉ. जोगेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। संघ सदस्य कलीम अंसारी और कोच विष्णु ने व्यवस्थाएं संभालीं।

चित्तौड़गढ़ में शंकरी बाई को लेकर RLP का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, पार्टी बोली- उन्हें ही बनाया जाए प्रधान



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। पंचायत समिति के बोर्ड गठन से पहले RLP की निर्वाचित सदस्य शंकरी बाई को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। सोमवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर शंकरी बाई को वापस लाने और उन्हें ही प्रधान बनाने की मांग की। प्रदर्शन में मेवाड़ के कई जिलों से कार्यकर्ता पहुंचे। उन्होंने चेतावनी दी कि पार्टी की सहमति के बिना किसी भी दल को समर्थन देने का फैसला स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के खिलाफ भी नारेबाजी की। पार्टी के जिला प्रभारी बद्रीलाल जाट ने आरोप लगाया कि शंकरी बाई पर धनबल के दबाव में बयान देने का दबाव बनाया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि अशिक्षित शंकरी बाई महज एक घंटे में विकास कार्यों को कैसे समझ सकती हैं। जिला सह प्रभारी हर्शल पियाल ने कहा कि पंचायत समिति में पार्टी की भूमिका का फैसला संगठन करेगा, कोई सदस्य अकेले निर्णय नहीं ले सकता। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक शंकरी बाई को वापस नहीं लाया जाता, विरोध जारी रहेगा।

29 सीटों में बराबरी पर भाजपा-कांग्रेस

चित्तौड़गढ़ पंचायत समिति की 29 सीटों में भाजपा और कांग्रेस को 14-14 सीटें मिली हैं, जबकि एक सीट RLP की शंकरी बाई ने जीती है। ऐसे में प्रधान बनाने के लिए उनका समर्थन निर्णायक माना जा रहा है। RLP नेताओं की मांग है कि शंकरी बाई को ही प्रधान बनाया जाए।

शंकरी बाई ने वीडियो जारी कर जबरदस्ती से किया इनकार

इस विवाद की शुरुआत तब हुई, जब RLP नेताओं ने आरोप लगाया कि विधायक चंद्रभान सिंह आक्या शंकरी बाई को जबरदस्ती अपने साथ ले गए। हालांकि, बाद में शंकरी बाई का वीडियो सामने आया, जिसमें उन्होंने किसी तरह की जबरदस्ती से इनकार करते हुए लगाए गए आरोपों को अफवाह बताया। अब भाजपा, कांग्रेस और RLP की नजरें पंचायत समिति के बोर्ड गठन पर टिकी हैं।



24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।